16.02.2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10PM

प्रादेशिक समाचार

<u>मुख्य समाचार:</u>

- विधानसभा का बजट सत्र आज हंगामेदार अंदाज में शुरू, राज्यपाल के भाषण के दौरान विपक्ष ने किया हंगामा ।

- नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 का शुभारंभ, मध्यप्रदेश पैवेलियन कर रहा है प्रदेश का प्रतिनिधित्व ।

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में सायबर पंजीयन कार्यालय का उद्घाटन किया, 75 से अधिक सेवाएँ हुईं डिजिटल ।

- भोपाल में राज्य निर्वाचन आयोग ने मनाया 32वां स्थापना दिवस ।

<u>विधानसभा-बजट सत्र</u>

विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू हो गया है। सत्र की शुरुआत सदन में वंदे मातरम् के छह छंदों के गायन से हुई। इसके बाद राज्यपाल मंगु भाई पटेल ने अपना अभिभाषण प्रस्तुत किया। राज्यपाल के भाषण के दौरान विपक्ष ने हंगामा किया, जिससे कार्यवाही अगले दिन तक स्थगित कर दी गई। अपने संबोधन में राज्यपाल ने सरकार की विकास उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं से हुए महत्वपूर्ण बदलावों का उल्लेख किया।

<u>सायबर पंजीयन कार्यालय</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज राजधानी भोपाल में पंजीयन विभाग के सायबर पंजीयन कार्यालय का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह नई सुविधा राज्य सरकार के विकास, पारदर्शिता और जनकल्याण के संकल्प को दर्शाती है। सायबर पंजीयन के जरिए अब लोन, माइनिंग लीज, हलफनामा और अन्य 75 से अधिक सेवाओं का डिजिटल, पेपरलेस और कैशलेस पंजीयन होगा। इसके अलावा हाउसिंग बोर्ड और विकास प्राधिकरण के दस्तावेजों के लिए जनता

को पंजीयन कार्यालय नहीं आना पड़ेगा, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और ई-केवाईसी से अब काम पूरा होगा।
इस मौके पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने बताया कि पहले गुना, हरदा, रतलाम और डिंडौरी जिलों में इसका सफल पायलट चलाया गया और अब 55 जिलों में सायबर तहसील परियोजना लागू हो गई है।

<u>एआई इम्पैक्ट सम्मेलन-2026</u>

नई दिल्ली में भारत एआई इम्पैक्ट सम्मेलन-2026 की शुरुआत हो गई है। पांच दिन तक चलने वाला यह सम्मेलन किसी ग्लोबल साउथ देश में होने वाला पहला वैश्विक एआई समिट है। इस मंच के जरिए दुनिया भर के विशेषज्ञ एआई से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। समिट में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि देश के करीब 90 प्रतिशत हिस्से में 5जी सेवा पहुंच चुकी है। श्री वैष्णव ने बताया कि एआई कृषि, मौसम, जलवायु और रिसर्च जैसे क्षेत्रों में बड़े अवसर देने का काम कर रहा है।

<u>एआई समिट सूचना और प्रसारण मंत्रालय</u>

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में एक खास पवेलियन बनाया है. इसमें भारत की बढ़ती तकनीक और स्टार्टअप्स को दिखाया गया है। पवेलियन में “वेव्स क्रिएटर्स कॉर्नर” नाम से मीडिया और संवाद के लिए अलग मंच तैयार किया गया है। मंत्रालय का कहना है कि इसका मकसद दुनिया को यह बताना है कि भारत सिर्फ तकनीक इस्तेमाल करने वाला नहीं, बल्कि अपने एआई समाधान बनाने वाला देश भी बन रहा है।

<u>एआई समिट- मध्यप्रदेश पैवेलियन</u>

इस समिट में मध्यप्रदेश का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग “मध्यप्रदेश पैवेलियन” के माध्यम से राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहा है। पैवेलियन में एआई-सक्षम शासन मॉडल, स्टार्टअप आधारित समाधान, डीप-टेक नवाचार और पर्यटन, स्वास्थ्य, कृषि जैसे क्षेत्रों में एआई के व्यावहारिक उपयोग को प्रदर्शित किया जा रहा है। प्रदेश के स्टार्टअप्स भी एआई समाधान और डिजिटल नवाचार प्रस्तुत कर रहे हैं।

स्थापना दिवस

भोपाल में आज राज्य निर्वाचन आयोग का 32वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत निर्वाचन आयोग के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओ. पी. रावत रहे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बीएलओ से लेकर चीफ इलेक्शन ऑफिसर तक सभी की भूमिका निर्वाचन में महत्वपूर्ण होती है। श्री रावत ने "वन नेशन-वन इलेक्शन" में स्थानीय निर्वाचन की अहमियत पर जोर दिया।

अमित शाह

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह कल गांधीनगर में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में मंत्रालय की पहलों की समीक्षा, राज्यों के अनुभवों का आदान-प्रदान और भविष्य का रोडमैप तैयार किया जाएगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए 2 लाख नई बहुउद्देशीय कृषि ऋण समितियों, दुग्ध और मत्स्य सहकारी समितियों की प्रगति पर चर्चा होगी।

समीक्षा बैठक

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को एफआरयू के रूप में विकसित करने और वहाँ डॉक्टर और स्टाफ की कमी जल्द दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने चयनित कर्मचारियों की समय पर जॉइनिंग कराकर अस्पतालों में मैनपावर बढ़ाने पर जोर दिया गया। श्री शुक्ल ने टेस्टिंग लैब्स को मजबूत करने और आधुनिक मशीनें उपलब्ध कराने के भी निर्देश भी दिए।

अधिवक्ता हड़ताल

भोपाल में आज अधिवक्ताओं ने वकील संजय कुमार सक्सेना की हत्या के विरोध में हड़ताल की। इसकी वजह से न्यायालय का कामकाज ठप हो गया और पक्षकारों को निराश लौटना पड़ा।अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर तुरंत एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की। वकीलों का कहना है कि उनकी सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनना जरूरी है और आरोपियों के खिलाफ फास्ट ट्रैक जांच हो।

समीक्षा-नागर सिंह चौहान

राज्य के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान ने आज विभिन्न योजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर और साफ-सुथरे तरीके से मिले। उन्होंने छात्रावासों की व्यवस्था बेहतर करने और विद्यार्थियों को अच्छी सुविधाएं देने के निर्देश दिए।

सारंग मुलाकात

प्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने आज गुजरात प्रवास के दौरान राज्य के सहकारिता मंत्री जीतू भाई वाघाणी से मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच सहकारिता और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई।

गेहूँ खरीद

प्रदेश में इस साल गेहूँ खरीद के लिए अब तक 20 हजार से ज्यादा किसानों ने पंजीयन करा लिया है। किसान 7 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने किसानों से कहा कि समय पर पंजीयन अवश्य कराएँ। पूरे राज्य में 3 हजार 186 पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं। इस साल गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2 हजार 585 रुपए प्रति क्विंटल रखा गया है, जो पिछले साल से 160 रुपए ज्यादा है।

क्रिकेट

टी20 क्रिकेट वर्ल्ड कप 2026 में इस वक्त श्रीलंका के पल्लेकेले में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच जोरदार मुकाबला चल रहा है। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। इससे पहले दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में अफगानिस्तान ने यूएई को पांच विकेट से मात देकर जीत का जलवा दिखाया और कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। जवाब में इटली की टीम 178 रन पर ऑलआउट हुई और इंग्लैंड ने 24 रन से शानदार जीत हासिल की।

समाचार संक्षेप में ....

- नीमच जिले में इस वर्ष 324 मां की बगियां का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। जिले में 373 बोरी बधान का निर्माण कर, जल स्रोतों से बहते हुए जल को रोकने का काम किया गया है।

- खंडवा जिला चिकित्सालय में मरीजों की सुविधा के लिए ई–रजिस्ट्रेशन व्यवस्था शुरू कर दी गई है। मरीज आभा आईडी बनाकर मोबाइल एप से घर बैठे ओपीडी पंजीयन कर सकेंगे।

- मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में मुकदमों की अर्जेंट हियरिंग के लिए दी जाने वाली मेंशनिंग की व्यवस्था आज से बदल गई है। रजिस्ट्रार द्वारा जारी निर्देशों के तहत अब डिवीजन बेंच और सिंगल बेंच के लिए अलग–अलग नियम लागू होंगे।

- आगरमालवा कलेक्टर ने आज सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर 50 दिवस से अधिक समय से लंबित सभी शिकायतों का आगामी दो दिवस में अनिवार्य रूप से निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

- राजगढ़ की अजनार नदी को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से युवा शक्ति मंच द्वारा अजनार नदी बचाओ अभियान के तहत विशेष श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- देवास, जिला अस्पताल में एक दिवसीय सामाजिक सुरक्षा योजना शिविर का आयोजन किया गया।

- मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बैतूल ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान सभी जनपद सीईओ को अपने–अपने क्षेत्र में पूर्ण हो चुके प्रधानमंत्री आवास को पोर्टल पर दर्ज किए जाने के निर्देश दिए।

- अनूपपुर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में बाल विवाह निषेध एवं रोकथाम के संबंध में जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- अशोकनगर जिले में मादक पदार्थों पर कार्यवाही एवं नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई।

-----------------------------